राष्ट्रीय बालिका दिवस (NGCD)

चर्चा में क्यों?

भारतीय समाज में लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालने के लिये**प्रत्येक वर्ष 24 जनवरी को** [राष्ट्रीय बालिका दिवस](#) **(National Girl Child Day- NGCD)** मनाया जाता है।

- यह **दिन लड़कियों के सामने आने वाली असमानताओं के बारे में जागरूकता लाने** और शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल तथा पोषण में समान अवसरों का समर्थन करने पर केंद्रित है।

मुख्य बिंदु:

- NGCD की स्थापना **वर्ष 2008 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा की गई थी।**
  - यह पहल [बाल विवाह](#) **और लिंग आधारित हिंसा** सहित लड़कियों के सामने आने वाली अनूठी चुनौतियों को पहचानती है।
- NGCD ने **22 जनवरी, 2015 को शुरू की गई बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना (Save the Girl Child, Educate the Girl Child) की उद्घाटन वर्षगाँठ मनाई।**

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना

- **परिचय:**
  - यह योजना **गिरते** [बाल लिंग अनुपात (CSR)](#) और जीवन-चक्र निरंतरता में महिला सशक्तीकरण से संबंधित मुद्दों को संबोधित करने के लिये शुरू की गई थी।
  - यह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (MW&CD), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MH&FW) और शिक्षा मंत्रालय का **त्रि-मंत्रालयी प्रयास** है।
- **मुख्य उद्देश्य:**
  - लिंग आधारित चयन पर रोकथाम।
  - बालिकाओं के अस्तित्व और सुरक्षा को सुनिश्चित करना।
  - बालिकाओं के लिये शिक्षा की उचित व्यवस्था तथा उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना।
  - बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा करना।
- **BBBP के तहत नवोन्वेषी हस्तक्षेप:** जिन नवप्रवर्तनों ने लड़कियों के लिये एक सकारात्मक पारिस्थितिकी तंत्र/सक्षम वातावरण तैयार किया है, उनमें शामिल हैं:
  - **गुड्डी-गुड्डा बोर्ड:** (सार्वजनिक रूप से जन्म सांख्यिकी का प्रदर्शन (लड़कों की तुलना में जन्म लेने वाली लड़कियों की संख्या)।
    - **उदाहरण:** महाराष्ट्र के जलगाँव ज़िले ने डिजिटल गुड्डी-गुड्डा डिस्प्ले बोर्ड स्थापित किये हैं।
  - **लैंगिक रूढ़िवादिता को तोड़ना और पुत्र-केंद्रित अनुष्ठानों को चुनौती देना:** बालिका के जन्म का जश्न मनाना, बालिका के मूल्य पर विशेष दिन समर्पित करना, बालिका के पोषण और देखभाल का प्रतीक वृक्षारोपण अभियान।
    - **उदाहरण:** कुड्डालोर (तमिलनाडु), सेल्फी विद डॉटर्स (जींद ज़िला, हरियाणा)।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-girl-child-day-ngcd-